<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 15.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पहुंचेंगे ज्यूरिख, राज्य के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 19 से 21 जनवरी तक दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनामिक फोरम में होंगे शामिल।
2. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2026–27 के अबुआ दिशोम बजट को लेकर आज और कल करेंगे महत्वपूर्ण बैठक, विभिन्न हितधारकों से लेंगे सुझाव।
3. राज्य में नगर निगम को दो वर्गों में बांटने पर सुनवाई पूरी, झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित।
4. राज्य में आज भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्यौहार, टुसू पर्व का भी उत्साह जारी।
5. रांची में चल रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 6–2 से दी करारी शिकस्त, हैदराबाद तूफांस को पराजित कर कलिंगा लांसर्स अंक तालिका में शीर्ष पर।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का 11 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज शाम तक स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख पहुंच रहा है। प्रतिनिधिमंडल 19 से 21 जनवरी तक दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में भाग लेगा। झारखंड का इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में यह पहला प्रतिनिधित्व है।

**********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2026–27 के अबुआ दिशोम बजट को लेकर आज और कल रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। श्री किशोर ने बताया कि इस बैठक में विभिन्न हितधारकों से सुझाव लिए जाएंगे ताकि बजट को आम जनता की उम्मीदों के अनुरूप बनाया जा सके।
साउंड बाइट – राधाकृष्ण किशोर ऑन बजट बैठक – 19 सेकेंड

**********************

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के नगर निगम को दो वर्गों में बांटने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई पूरी हो गयी है। सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में शांतनु कुमार चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि संविधान के प्रावधानों के खिलाफ जाकर राज्य सरकार ने नगर निगम का वर्गीकरण किया है।

**********************

हजारीबाग में बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र स्थित हबीबी नगर में हुए एक शक्तिशाली विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि सूचना पहले गैस सिलेंडर फटने की मिली थी, लेकिन मौके पर शव मिलने के बाद जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। विस्फोट किस पदार्थ से हुआ, इसकी तहकीकात चल रही है।

**********************

रामगढ़ में पुलिस ने आधा दर्जन अंतर्राज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इन अपराधियों ने 5 जनवरी को कुजू के व्यवसायी डब्बू सिंह के घर पर गोलीबारी कर रंगदारी मांगी थी। एसआइटी द्वारा पकड़े गए इन बदमाशों के तार बिहार और यूपी से जुड़े हैं। एसपी ने व्यवसायियों को निडर रहने का भरोसा दिया है।

**********************

जामताड़ा जिले से पुलिस ने कर्माटांड़ के सामूपोखर मैदान में छापेमारी कर 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि इनके पास से 7 मोबाइल और 10 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**********************

साहिबगंज–जमालपुर रेलखंड के विकास के लिए 3 हजार 900 करोड़ रुपये की लागत से तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। मालदा रेलमंडल के अनुसार, 128 दशमलव 5 किलोमीटर लंबे इस विस्तारीकरण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इस प्राचीनतम रेल मार्ग के विस्तार से बरहरवा, तीनपहाड़ और राजमहल जैसे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेती को सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर जोर देते हुए नेचुरल फार्मिंग और एग्रीटेक में युवाओं की भूमिका को अहम बताया है। गुमला के किसानों ने प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण का स्वागत करते हुए इसे खेती और पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी बताया है।

**********************

राज्य में आज भी मकर संक्रांति का त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। लोग सुबह से ही नदियों में पवित्र स्नान और दान–पुण्य कर रहे हैं। इस सिलसिले में कल देर शाम जमशेदपुर के सोनारी स्थित दोमुहानी संगम पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य महा गंगा आरती का आयोजन किया गया। बनारस के पंडितों द्वारा संपन्न इस आरती में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय और पूर्णिमा दास साहू शामिल हुए।

चंपई सोरेन ने इसे सनातन धर्म की मजबूती और जन–चेतना का माध्यम बताया।
राज्य में टूसू पर्व का उत्साह भी देखने को मिल रहा है। जमशेदपुर में भव्य टुसू मेले का आयोजन किया गया है। एनएच–33 डिमना के पास आयोजित इस मेले में राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा और घाटशिला विधायक सोनेश चंद्र सोरेन शामिल हुए। दोनों ने मांदर बजाकर लोक संस्कृति का उत्साह बढ़ाया। मंत्री ने टुसू को झारखंड की आत्मा बताते हुए इसे संरक्षित रखने की सरकारी प्रतिबद्धता दोहराई।

**********************

राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिसके कारण मौसम विभाग  ने राज्य के 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। आज कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जनवरी तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, 18 और 19 जनवरी से न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ठंड से कुछ राहत मिल सकती है।

**********************

रांची में चल रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में कल दो रोमांचक मैच हुए। घरेलू टीम रांची रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली एसजी पाइपर्स को 6–2 के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी। एक अन्य मैच में कलिंगा लांसर्स ने हैदराबाद तूफांस को पराजित किया और इस जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

**********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची के धुर्वा से लापता दो बच्चों की सकुशल बरामदगी से संबंधित खबर को प्रमुखता दी है।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– गुब्बारे बेचने वाले बिहार के दंपती ने किया था अंश–अंशिका का अपहरण।
हिन्दुस्तान के शब्द हैं– निपाह वायरस को लेक एनएचएम ने सिविल सर्जनों को किया अलर्ट।
प्रभात खबर ने लिखा है– चुटूपालू में उत्तेजित भीड़ ने यात्री बस में लगायी आग।
दैनिक जागरण के अनुसार, राज्य के 600 वित्त रहित संस्थानों के शिक्षक कल रहेंगे हड़ताल पर।

******************